तापमान

अधिकतम 27.2 डिग्री

न्यूनतम 15.6 डिग्री

# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, सोमवार 8 जनवरी 2024

11 मकर संक्रांति से पहले बढ़े तिल के दाम, गुड़ के ...



12 खेलकूद से छात्रों को मिल रही अलग..





## खबर संक्षेप

### दो महिलाओं से 7 लीटर महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने अवैध महुआ शराब के साथ पकड़ी गईं दो महिलाओं पर कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी स्नेहलता पति धरमु (55 साल) ग्राम गिधली के घर की बाड़ी से 3 लीटर महुआ शराब कीमत 600 रुपए और खिरबाई राणा पति नित्यानंद राणा (42 साल) ग्राम खेमड़ा के घर की बाड़ी से 4 लीटर महुआ शराब कीमत 800 रुपए को जब्त किया गया है। दोनों महिला आरोपी के खिलाफ धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई।

### दुकान से देशी प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद।** तुमगांव पुलिस ने छापामार कार्रवाई करते हुए अवैध शराब के मामले में एक युवक पर कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मिथलेश धीवर पिता हेमुलाल (42 साल) निवासी वार्ड नं 5 तुमगांव के पास से दुकान में अवैध रूप से रखे 2160 एमएल देशी प्लेन शराब कीमत 960 रुपए एवं बिक्री रकम 200 रुपए को जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### दो युवकों से शराब जब्त

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री कर रहे दो युवकों के खिलाफ कार्रवाई की है। अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाते हुए पुलिस ने नंद कुमार विश्वकर्मा पिता बुधुराम (45 साल) निवासी वार्ड नं 6 बागबाहरा को लालपुर गांव से पकड़ा। वहीं पिथौरा चौक के पास से सरोज पांडे पिता धनराज पांडे (32 साल) निवासी वार्ड 09 कर्रा पारा से गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी के पास से कुल 7020 एमएल देशी प्लेन शराब कीमत 3120 रुपए एवं बिक्री रकम 200 रुपए जब्त कर धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### बिजली करंट की चपेट में आने से मौत

**महासमुंद।** बिजली करंट की चपेट में आने से एक की मौत का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि रामकानी कोल्हे पिता बबन कोल्हे (22) निवासी पिठूल रूतमई मंदिर पीर थाना पीपलगांव जिला गोगांव महाराष्ट्र के बिजली करंट की चपेट में आने पर उनके परिजनों द्वारा इलाज के लिए जिला अस्पताल महासमुंद में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

## विडंबना : गुणवत्ताहीन निर्माण के कारण ज्यादातर डेम सूखे

# चेक और स्टॉपडेम में पानी का ठहराव नहीं, सिंचाई योजना फेल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

नदी- नालों में पानी रोकने और उस पानी को सिंचाई सहित अन्य कार्यो में उपयोग करने की योजना जिले में फ्लाप साबित हो रही है। जिले के ज्यादातर जगहों पर लाखों रुपए की लागत से बने चेक डेम और स्टॉप डेम किसानों के किसी काम नहीं आ रहा है। क्योंकि, अधूरे और गुणवत्ताहीन निर्माण के चलते ज्यादातर डेम में बारिश का पानी रूक नहीं रहा है। नतीजा, ये सभी डेम शो पीस बनकर रह गया है।

आंकड़ों में देखे तो जिले में बड़े-छोटे मिलाकर कुल 139 सिंचाई परियोजना हैं। इनमें से सौ के करीब जलाशय हैं और बाकी डायवर्सन, व्यवपर्तन और छोटे नदी-नालों में बनाए गए चेक डेम व स्टॉप डेम हैं, जिसने प्रशासन जिले के करीब 24 फीसदी क्षेत्रफल को सिंचित करने का दावा करता है। लेकिन, हकीकत इससे उल्टा है। ऐसी ही योजना में स्टॉप व चेक डेम बनाकर भू-गर्भीय जल को भी रिचार्ज करने की थी। इससे जलस्तर भी बना रहता और किसानों को जरूरत के मुताबिक पानी मिलता। लेकिन, इन डेम में बारिश का पानी भी नहीं रुक रहा है। लोगों को इससे निस्तारी की भी समस्या होती है।



शहर से लगे सितली नाला पर बने स्टॉप डेम में ही जल स्तर काफी कम हो जाता है। इतना ही नहीं, पूरा नाला ही सूख जाता है। केवल बड़े एनीकेट जैसे निसदा में ही पानी उपलब्ध रहता है। ज्यादातर स्टॉप डेम बदहाल हैं।

### गेट गायब होने से पानी का ठहराव नहीं

बागबाहरा ब्लॉक के ग्राम टूरीझर में स्टॉप डेम में पानी का ठहराव नहीं होने से ग्रामीण परेशान हैं। इसके अलावा कई स्टॉप डेम से ही गेट ही गायब हो गए हैं। जिस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बसना व सरायपाली में कोई बड़े जलाशय नहीं हैं। यहां भी नालों में स्थित स्टॉप डेम में पानी नहीं होने की समस्या ज्यादा रहती है। जम्हारी, चकरदा, नूनपाली, अमरकोट, मोहदा आदि स्टॉप डेम में पानी नहीं भरने की पूर्व में भी शिकायत हो चुकी है। शिकायत के बाद जांच भी हुई। लेकिन, ग्रामीणों की समस्याओं का कोई समाधान निकल नहीं पाया।

### देखरेख के अभाव के कारण बदहाल डेम

स्टॉप डेम बनने के बाद जिम्मेदार अधिकारी झांकने तक नहीं पहुंचे। समय-समय पर इसकी देखरेख भी नहीं होती है। गेट नहीं लगे होने से नाला का सारा पानी बह जाता है। न ही पानी रुकता है और न ही जल स्तर में कोई वृद्धि होती है। न ही सिंचाई के लिए किसानों को पानी मिल पाता है। कई स्टॉप डेम का विभाग रखरखाव भी नहीं कर पा रहा है, तो कई स्टॉप डेम भ्रष्टाचार की भेंट भी चढ़ गए हैं। इस कारण ग्रामीणों को इसका लाभ भी नहीं मिल रहा है। स्टॉप व चेक डेम की दशा सुधारने की मांग को लेकर ग्रामीण भी गुहार लगाते थक चुके हैं।

# मृत नवजात को लेकर महिला पहुंची थाने, लगाया मारपीट का आरोप

## महिला ने लगाया पड़ोसियों पर आरोप, मारपीट के कारण हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

थाना सरायपाली में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक महिला अपने नवजात मृत बच्चे को लेकर थाना पहुंच गई। थाना पहुंचकर उस महिला ने अपने बच्चे की मौत का कारण पड़ोसियों को बताया और पड़ोसियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग पर अड़ गई।

पुलिस भी तत्काल हरकत में आई और चार पड़ोसियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो नाली विवाद पर 10 दिन पूर्व मारपीट का मामला सामने आया, जिस पर पुलिस ने एक महिला सहित चार लोगों पर भादवि की धारा 294, 506 (बी), 323, 316, 34 का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। दरअसल, करीब 10 दिन पूर्व बाजार पारा निवासी महिला के साथ अपने पड़ोसी भूरी बाई पति भोलाराम, चंद्रकुमार सारथी पिता भोलाराम, किरण कुमार पिता भोलाराम और उदय कुमार पिता भोलाराम के साथ नाली विवाद पर मारपीट हुई। मारपीट के दौरान उक्त महिला पांच-छह माह की गर्भवती थी।

मारपीट के बाद उसके पेट में दर्द उठने के बाद सरायपाली अस्पताल इलाज के गई, जहां पर उसे महासमुंद जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। 24 दिसंबर को जिला अस्पताल में महिला ने एक बच्चे को जन्म दिया, जिसका वजन मात्र 600 ग्राम था। चूंकि, जिला अस्पताल में एनएसआईयू की सुविधा नहीं होने के कारण महिला के पति द्वारा मेकाहारा ले जाया गया, जहां पर बच्चे की सात दिन जीवित रहने के बाद मौत हो गई। महिला ने लिखित रूप से थाना में शिकायत की, जिसमें उसने आरोप लगाया कि उक्त व्यक्तियों द्वारा मारपीट करने के कारण समय से पहले उसकी डिलीवरी करानी पड़ी, जिससे उसके बच्चे की मौत हुई।

### जुर्म दर्ज कर गिरफ्तारी

सरायपाली थाना प्रभारी शिवानंद तिवारी ने बताया कि 10 दिन पूर्व नाली विवाद में उक्त महिला के साथ उसके चारों पड़ोसियों का विवाद व मारपीट हुई थी। मारपीट बहुत मामूली हुई थी, जिसमें किसी को भी गहरी चोट पहुंचने की बात सामने नहीं आई। महिला के आरोप पर बाजार पारा निवासी एक महिला सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

## अवैध शराब विक्रय के विरुद्ध कार्रवाई

**महासमुंद।** पिथौरा में आबकारी टीम द्वारा अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 7 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया। जानकारी के मुताबिक अवैध शराब विक्रय के विरुद्ध कार्रवाई करने के संबंध में कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी मोहित कुमार जायसवाल तथा सहायक जिला आबकारी अधिकारी आबकारी मंडल प्रभारी उत्तम बुद्ध भारद्वाज के मार्गदर्शन में शनिवार को मुखबिर सूचना के आधार पर आबकारी टीम द्वारा मुढ़ीपार में दबिश दी गई। जहां पर सुखराम प्रजापति के कब्जे से 7 लीटर महुआ शराब को अवैध रूप से बिक्री करने रखा गया था। जिसे जब्त कर आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2), 59 (क) का प्रकरण कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया। उक्त कार्रवाई आबकारी वृत्त पिथौरा प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक अनिल कुमार झारिया के नेतृत्व में की गई।



# 15 जनवरी को मकर संक्रांति खरमास का होगा समापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

- 14 की अर्धरात्रि मकर राशि में सूर्य का प्रवेश, मांगलिक कार्यों की होगी शुरुआत

इस बार भी मकर संक्रांति का पर्व 15 जनवरी को मनाया जाएगा। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार सूर्य 14 जनवरी को अर्धरात्रि 2.44 बजे धनु से मकर राशि में प्रवेश करेंगे। सूर्यास्त के बाद राशि परिवर्तन करने से इस साल मकर संक्रांति का पुण्यकाल 15 जनवरी को रहेगा। इसलिए इस साल मकर संक्रांति का पर्व 15 जनवरी को मनाया जाएगा। मकर संक्रांति के आगमन के साथ ही एक माह का खरमास भी समाप्त हो जाएगा।

पंडितों के अनुसार इस वर्ष मकर संक्रांति अश्व पर बैठकर आ रही हैं अर्थात वाहन अश्व और उपवाहन सिंह होगा। इस साल की मकर संक्रांति विद्वान और शिक्षित लोगों के लिए काफी अच्छी रहने वाली है। व्यापारियों और कारोबारी लोगों को वस्तुओं की लागत कम होने से कुछ लाभ होने की संभावना है। हालांकि इस दौरान किसी तरह का भय और चिंता बनी रह सकती है। लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। अंतरराष्ट्रीय संबंधों में मधुरता आएगी। अनाज के भंडारण में वृद्धि होगी। पंडितों के अनुसार इस दिन गंगा स्नान और गंगा तट पर दान का भी विशेष महत्व है। इस पर्व को कई समाजों में परंपरा के साथ मनाया जाएगा। ज्योतिषाचार्यों ने बताया कि ज्योतिष गणना के अनुसार इस साल मकर संक्रांति पौष माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि 15 जनवरी को रवि योग, शतभिषा नक्षत्र में मनाई जाएगी। रवि योग सुबह 7.15 से सुबह 8.07 बजे तक रहेगा। इस दिन भगवान को तिल के लड्डू और खिचड़ी का भोग लगाने का बहुत महत्व है।

### परंपरा अनुसार मनाया जाएगा पर्व

मकर संक्रांति पर अलग-अलग समाज अपनी परंपरा के अनुसार पर्व मनाते हैं। मकर संक्रांति पर विभिन्न समाजों द्वारा पर्व के साथ परंपराएं भी निभाई जाएंगी। महाराष्ट्रीयन समाज जहां इस दिन घर-घर हल्दी कुमकुम का आयोजन करेगा। वहीं गुजराती समाज के लोग घरों में पतंग उड़ाकर परंपरा निभाएंगे। इस दिन सुहागिन महिलाओं की ओली भरकर उन्हें उपहार देने की परंपरा है।

### सदी में बढ़ती जाती है तिथि

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार संक्रांति 14 जनवरी की अर्धरात्रि में होने की वजह से साल 2019 और 2020 में भी मकर संक्रांति का त्योहार 15 जनवरी को मनाया गया था। 2023 में भी मकर संक्रांति पर्व 15 जनवरी को ही मनी थी।

मकर संक्रांति का पर्व 80 से 100 साल में एक दिन आगे बढ़ जाता है। 19वीं शताब्दी में मकर संक्रांति का पर्व 13 और 14 जनवरी को मनाया जाता था।

### प्लेन शराब बरामद

**महासमुंद।** महासमुंद पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान बम्हनी मार्ग पर ग्राम नांदगांव के निवासी कमलेश साय पिता बिसहत साय (24) के पास से 3600 एमएल देशी प्लेन शराब कीमत 1600 रुपए एवं बिक्री रकम 350 रुपए जब्त किया गया है। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई है।




# एसपी ने ली बैठक, नशीले पदार्थों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के दिए निर्देश

**महासमुंद।** जिले की सुरक्षा व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए पुलिस अधीक्षक महासमुंद धर्मेंद्र सिंह के द्वारा महासमुंद पुलिस के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पु) एवं समस्त थाना/चौकी प्रभारियों की क्राइम मीटिंग का आयोजित किया गया। इस दौरान एसपी ने शराब व नशीले सामान के अवैध विक्रय सहित सभी संदिग्ध गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने हेतु निर्देश दिए। साथ ही थाना क्षेत्रों में पेट्रोलिंग, गस्त पार्टी एवं फिक्स पॉइंट ड्यूटी बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया। एसपी ने शहरी क्षेत्रों मे बेहतर ट्रैफिक व यातायात तथा पार्किंग व्यवस्था बनाए रखने के लिए थानों व यातायात टीम को जरूरी निर्देश दिए। साथ साल के प्रारंभ से लंबित अपराधों व शिकायतों पर कार्रवाई करने के लिए कहा है। इस बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव सहित जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पु.) एवं थाना, चौकी प्रभारी शामिल रहें।



# 104 कट्टा अवैध धान के परिवहन पर हुई कार्रवाई

**महासमुंद।** अवैध धान परिवहन के मामले में पिथौरा में बड़ी कार्रवाई की गई। खाद्य निरीक्षक एवं नायब तहसीलदार द्वारा गोड़पाली-छिबर्रा मार्ग पर रविवार की सुबह एक 407 वाहन को 104 कट्टा धान सहित पकड़ा। वाहन में मौजूद दो लोगों से पूछताछ करने पर उनके द्वारा किसी प्रकार का दस्तावेज नहीं पाया गया, जिसके बाद मंडी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। खाद् निरीक्षक कमल नारायण साहू ने बताया कि वाहन 407 में कुल 104 कट्टा धान का परिवहन करते पाया गया। फिलहाल धान का तौल कराया जा रहा है। साथ ही किसका धान है, इसकी भी जानकारी ली जा रही है। वाहन में सवार दो लोगों ने बताया कि वे धान को गोड़पाली से छिबर्रा ले जा रहे हैं।

## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप

### पटेवा में मड़ई मेला आज

**पटेवा।** समस्त ग्रामवासियो के सहयोग से गांधी चौक पटेवा बस्ती में 8 जनवरी को मड़ाई मेला का आयोजन किया गया। इस दिन रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी शिवभोला खैरागढ़ की प्रस्तुति होंगी।

### घायल की मौत बाइक चालक पर मामला दर्ज

**कांकेर।** ताड़ोकी थानांतर्गत घोटुलबेड़ा मेन रोड के पास 8 मार्च को हुई सड़क दुर्घटना में चालक डोंगरीपारा किनारी निवासी 33 वर्षीय रत्तुलाल उइके पिता रायसिंह उइके का डीकेएस अस्पताल रायपुर में मौत हो गया था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी मृतक ग्राम घोटुलबेड़ा मेन रोड में अपनी वाहन क्रमांक सीजी 04 डीव्ही 6074 के चालक रत्तु लाल उइके ने अपनी वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया था। ईलाज के लिए रायपुर के अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां ईलाज के दौरान मौत हो गया। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 304 (ए) आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया है।

# खैरा, उमरदा, लभरा और झालखम्हरिया पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी विकसित भारत संकल्प यात्रा का पड़ाव महासमुंद विकासखंड के ग्राम खैरा, उमरदा, लभराखुर्द और ग्राम झालखम्हरिया पहुंची। शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और हितग्राही शामिल हुए।

संकल्प यात्रा के दौरान शिविर में पहुंचे अतिथियों ने कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी आपके गांव में खड़ी है। ये मोदी की गारंटी है पूरा होगा ही। वर्ष 2047 तक भारत विकसित भारत बनेगा। किसी को भी कोई चिंता करने की जरूरत नहीं है। समाज के अंतिम व्यक्तियों को शासन की प्रमुख योजनाओं से जागरूक कर उन्हें लाभान्वित कर रही है। कहा कि मोदी सरकार की गारंटी वाली गाड़ियों से भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी डिजिटल स्क्रीन, फ्लैक्स और पोस्टर के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाई जा रही है।

अतिथियों ने सभी ग्रामीणों को केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने की बात कही। ग्रामीणों में ऐसे व्यक्ति जो शासन की योजना से अब तक वंचित रह गए थे उन्हें लाभान्वित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने अपील किया कि सभी योजनाओं का लाभ पात्रतानुसार अवश्य उठाएं। जिनका पक्का मकान नहीं है उन्हें पक्का मकान मिलेगा। जल जीवन मिशन के तहत हर घर में शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि मोदी द्वारा दिए गए हर गारंटी पूरा होगा। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं का लाभ पात्रतानुसार अवश्य उठाएं।



कार्यक्रम में अतिथियों ने योजना स्टॉल का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने स्टॉल प्रभारी और हितग्राहियों से चर्चा कर योजना का लाभ देने के निर्देश दिए। ग्राम खैरा के शिविर संदीप दीवान, सुधा साहू,मीना वर्मा, शुभ्रा शर्मा, जनपद सदस्य सरिता चंद्राकर व दिग्विजय साहू ने भी संबोधित किया। शिविर में चंद्रहास चंद्राकर, येतराम साहू, सरपंच नीलम कोसरे, नीलम विश्वकर्मा, राकेश चंद्राकर स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, ग्रामीण और बड़ी संख्या में हितग्राही मौजूद थे।

मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत ज्योति निर्मलकर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में जानकारी दी। नल जल योजना के बारे में लक्ष्मी चंद्राकर और राधा साहू ने कहा कि अब शुद्ध पेयजल की मारामारी नहीं है। अब घर में लगे नल से पानी आ रहा है। वही शिविर के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अन्नप्राशन और गोद भराई की रस्म पूरी की गई। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजन अंतर्गत महिलाओं ने अपने विचार साझा किया। इसी तरह दो साल का बकाया बोनस, उज्ज्वला योजना आदि के बारे में हितग्राहियों ने अपने विचार व्यक्त किए। शिविर में आए ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड, वन नेशन वन कार्ड, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आधार अपडेशन, सस्ती व अच्छी जेनेरिक दवाई आदि की जानकारी देने के साथ योजनाओं से वंचित हितग्राहियों से आवेदन लिए गए। यहां उनकी समस्याओं का भी समाधान किया गया। शिविर स्थल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए कैंप में बीपी, शुगर की जांच तथा दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई। गौरतलब है कि जिले के चिन्हित ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकाय क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने एवं जानकारी देने हेतु विभागों द्वारा स्टॉल लगाया जा रहा है। जहां पर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया गया।





# ट्राइसिकल की बैटरी खराब, दिव्यांग को आने-जाने में हो रही परेशानी

**नर्रा।** महासमुंद जिले के बागबाहरा विंखं के ग्राम पंचायत पतेरापाली के आश्रित ग्राम बोहारडीही में निवासरत दिव्यांग मानकी ध्रुव को शासन प्रशासन द्वारा समाज कल्याण विभाग से बैटरी से चलने वाली ट्राइसिकल प्रदान किया गया था। समाज सेवी मनोज पटेल ने इस दिव्यांग बेटी से हाल चाल जानने इनके घर पहुंचे हुए थे, तब 30 वर्षीय मानकी ध्रुव ने बताया कि ट्राइसिकल की बैटरी खराब हो गई है। ट्राइसिकल अब कंडम पड़ी है। कई दिव्यांगजनों का आने जाने और प्रतिदिन की दैनिक दिनचर्या मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि, बैटरी खराब हो जाने के कारण अब उनके लिए यह साइकिल किसी काम का नहीं है। मानकी ध्रुव ने बताया कि शासन द्वारा मुझे बैटरी चलित ट्राईसिकल मिली थी, जो कि पूरी तरह से कंडम हो चुकी है। बैटरी चार्ज भी नही हो रही है। खराबी होने से वे हाथों में चप्पल लगाकर घुटनों के बल पर चलकर कहीं आना जाना करती है। दिव्यांग होने के साथ साथ नए बैटरी लगाने में वे असमर्थ हूं। समाज सेवी पटेल ने छग शांकभरी सेवा संस्थान द्वारा दिव्यांग बेटी की परेशानियों को देखते हुए कलेक्टर से मदद की अपील की है।

# स्कूल सफाई कर्मचारी संघ के सुरेश बने निर्विरोध अध्यक्ष



**सरायपाली।** नई कृषि उपज मंडी प्रांगण में सरायपाली ब्लॉक के समस्त स्कूल सफाई कर्मचारियों की बैठक रखी गई थी। जिसमें समर्पण सेवा भाव को देखते हुए सुरेश बाघ को निर्विरोध ब्लॉक अध्यक्ष और ललित नंद को 5 वर्ष के लिए कोषाध्यक्ष नियुक्त करने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया है। साथ ही उपाध्यक्ष घनश्याम नंद व सचिव रुक्मण प्रधान को बनाया गया है। इस अवसर पर ब्लॉक घर से आए स्कूल सफाई कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व रामभक्तों को वितरित किया जाएगा भगवा ध्वजः योगेश्वर

**महासमुंद।** आगामी 22 जनवरी को श्रीरामनगरी अयोध्या के नवनिर्मित मन्दिर प्रभु श्रीरामचंद्र की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पूर्व क्षेत्र के मंदिरों और रामभक्तों को भगवा ध्वज का वितरण विधायक कार्यालय में आगामी 15 जनवरी से किया जाएगा। महासमुन्द विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने क्षेत्रवासियों से भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के ऐतहासिक अभूतपूर्व पल को अविस्मरणीय और भव्य समारोहपूर्वक मनाने की अपील करते हुए कहा कि हमारे आराध्य प्रभु श्रीराम हिंदू धर्म की आस्था और श्रद्धा के प्रतीक हैं। सैकड़ों सालों की प्रतीक्षा के बाद हमारे आदर्श भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर निर्माण भारतभूमि की अयोध्या नगरी में हुआ है। विधायक सिन्हा ने 22 जनवरी को रामलला के नवीन मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के पल को दीपावली पर्व जैसा मनाने की अपील करते हुए कहा कि हम सभी अपने आसपास के मंदिरों में पूजा अर्चना कर भजन कीर्तन करते हुए भगवान राम नाम का जाप करें। साथ ही अपने अपने घरों के सामने रंगोली बनाकर घरों में तोरण पताका लगाकर साज सज्जा कर शाम को दीपक जलाकर भगवान राम की पूजा करते हुए यथासंभव मिष्ठान प्रसाद का वितरण करें। विधायक सिन्हा ने कहा कि पूरे देश में भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के दिन को अविस्मरणीय और ऐतहासिक बनाने जबरदस्त उत्साह का माहौल है।



हम सभी इस पल के साक्षी बनेंगे ये हम सभी का सौभाग्य है। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर को यादगार और भव्य बनाने के लिए क्षेत्र के मंदिरों, पूजास्थलों सहित रामभक्त नागरिकों को घरों में लगाने भगवा ध्वज प्रदान करने की जानकारी देते हुए बताया कि 15 जनवरी से विधायक कार्यालय विशाल मेगामार्ट में भगवा ध्वज का वितरण किया जाएगा। सभी मंदिरों और रामभक्तों को ध्वज वितरण के लिए ध्वज निर्माण की तैयारी प्रारंभ हो गई है। ज्ञात हो कि सालों से भगवान शिवजी की भक्तिमय आयोजन से जुड़े योगेश्वर राजू सिन्हा, शिव की आराधना और पार्थिव शिवलिंग के निर्माण के धार्मिक कार्य के प्रमुख आयोजनकर्ता है। क्षेत्र के सभी मंदिरों में उनके द्वारा समय समय पर भगवा ध्वज लगाया गया है।



# अक्षत कलश का हुआ भव्य स्वागत

**बिरकोनी।** अयोध्या में होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अक्षत कलश यात्रा राम जानकी मंदिर में हुई। यात्रा का शुभारंभ बरबसपुर रोड के पास आचार्य लक्ष्मी नारायण वैष्णव द्वारा पूजा अर्चना कर की गई। अक्षत को भव्य बनाने के लिए महिलाओं और बालिकाओं ने ग्राम के मुख्यमार्ग से गाजे बाजे के साथ कलश शोभायात्रा निकाली गई। भक्ति गीतों में श्रद्धालु जमकर झूमे। लोगों ने जय श्रीराम के नारे लगाए। इस दौरान 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा पर दीपोत्सव मनाने का आग्रह किया गया। अयोध्या में रामलाल के प्राण प्रतिष्ठा के निमित राम भक्तों को आमंत्रित कलश का घर के आंगन में स्वागत द्वार बनाकर स्वागत किया। वही सनातन वैदिक धर्म के सदस्यों द्वारा आमंत्रण पत्र से घर घर जाकर आमंत्रित किया जा रहा। प्रभात फेरी में भक्तों ने भगवा ध्वज के साथ श्रीराम के जयकारे लगाए। चौक चौराहों में फाटकों के साथ आतिशबाजी की गई। इस अवसर पर डॉ. आरएल साहू, डॉ. केके हनुमंता, भूपेंद्र चंद्राकर, चुकु चंद्राकर, भोला चंद्राकर, तुलसराम साहू, घनश्याम साहू, प्रकाश चंद्राकर, उमेश चंद्राकर, लक्की साहू, तेजेश्वर साहू, घनश्याम साहू, तुलसराम साहू, भक्तु साहू सहित सनातन वैदिक धर्म समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# राष्ट्र निर्माण में शिक्षक का महत्वपूर्ण योगदान




हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पूर्व माध्यमिक साला भलेसर (महासमुंद) में पदस्थ शिक्षक मनोहर साहू के सेवानिवृत्ति पर विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में जिला पंचायत सदस्य एवं किसान नेता जागेश्वर चंद्राकर उपस्थित थे। अध्यक्षता शीतल कुर्रे अध्यक्ष शाला विकास समिति एवं विशिष्ट अतिथि के रुप में छग शिक्षक संघ के प्रांतीय मंत्री उमेश भारती गोस्वामी जिलाध्यक्ष एवं कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक टेकराम सेन, राजेश शर्मा, रामकली पांडेय, सरपंच टेमिन सिन्हा सहित ग्राम गणमान्य उपस्थित थे। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि जागेश्वर चंद्राकर ने कहा कि शिक्षक विद्यालय सहित समाज के वातावरण में परिवर्तन लाकर अपना संपूर्ण योगदान दे सकता है।

अध्यक्षीय आसंदी से शीतल कुर्रे ने कहा कि मनोहर साहू जैसे योग्य एवं कर्मठ शिक्षक मिलना आज के समय में कठिन है। विशिष्ट अतिथि उमेश भारती गोस्वामी ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षक का महत्वपूर्ण योगदान होता है। मनोहर साहू अत्यंत ही अनुशासन प्रिय शिक्षक रहे हैं वे समाज सेवा कर नई पारी का शुरुआत करें। प्रखर वक्ता एवं छग शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष टेकराम सेन ने कहा कि शिक्षक का सम्मान राष्ट्र का सम्मान होता है। शिक्षक ही समाज में नव बसंत ला सकता है शिक्षक एक ऐसा बीज है जो समाज रुपी धूप और मिट्टी में छुपकर एक विशाल बरगद बन जाता है। इस अवसर पर भलेसर में पदस्थ रही शिक्षिका रामकली पांडेय का पदोन्नति पश्चात अन्यत्र चले जाने पर सम्मान किया गया। संस्था प्रमुख राजेंद्र इंगोले सहित विद्यालय परिवार ने मनोहर साहू की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुये उन्हें प्रेरणा स्रोत बताया। इस अवसर पर प्रमुख रुप से टिकेश्वर सिन्हा, केके चंद्राकर, एसके तिवारी, सुखनंदन यादव, देवेंद्र तांडेकर, सुनील साहू, यशवंत साहू, लखन लाल साहू, माखन लाल साहू, माधुरी देवी साहू, पवन कुर्रे, प्रधान पाठक भरतलाल साहू, संकुल समन्वयक सीएस डोरा, प्रेमलाल सिन्हा, मुकेश गुप्ता, जगदीश प्रजापति, कुमुदनी चंद्राकर, नूतन दुबे, दुर्गा यादव, मंजू साहू, प्रियंका नागदेवे, कोसरे, प्रीति कर्माकर, अनिता सिन्हा, महेश साहू, शीबा, अनामिका, सरिता, हेमा, बेलकुमारी रिंकी मौजूद रहे।

# धर्म की स्थापना के लिए हर युग में जन्म लेते हैं भगवानः विद्यासागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्थानीय नयापारा क्षेत्र के वार्ड 7 व 8 में संतोषी मंदिर के पास 3 जनवरी से 11 जनवरी तक आयोजित श्रीमद भागवत कथा नवधा भक्ति ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन कथा वाचक पंडित विद्यासागर व्यास पांडे ने कथास्थल पर उपस्थित श्रद्धालुओं को समुद्र मंथन और कृष्ण जन्म की कथा सुनाते हुए कहा कि हर युग में धर्म की स्थापना और अधर्म के नाश के लिए भगवान का जन्म होता रहा है। जब जब अन्याय और अत्याचार बढ़ता है तब तब प्रभु का अवतार होता है।



पं विद्यासागर ने समुद्र मंथन की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि एक बार देवराज इंद्र अपनी सभा में बैठे हुए थे, उसी समय गुरु बृहस्पति का आगमन देवसभा में हुआ। परंतु गुरु के आगमन पर इंद्र से उनका अनादर हुआ और देवताओं के आचार्य बृहस्पति वहां से अंतर्ध्यान हो गए। बाद में इंद्र को उनके अनादर का बोध हुआ तब तक उनका राज्य उनके हाथ से निकल गया और उनकी राज्य लक्ष्मी समुद्र में चली गई और असुरों ने देवताओं को पराजित कर स्वर्ग पर कब्जा कर लिया। भगवान विष्णु ने देवताओं को असुरों के साथ मिलकर समुद्र मंथन का उपाय बताते हुए कहा कि समुद्र मंथन से जो अमृत मिलेगा उससे देवता अमर हो जाएंगे।

विद्यासागर ने कथा में आगे बताया कि समुद्र मंथन की एक कथा यह भी है कि अमृत प्राप्ति के लिए देवताओं और असुरों ने मदरांचल पर्वत और वासुकी नाग की सहायता से क्षीरसागर का मंथन किया था। कृष्ण जन्मोत्सव की कथा प्रसंग में पंडित विद्यासागर ने भक्तों को बताया कि जब अत्याचारी कंस के पाप से धरती डोलने लगी तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब माता देवकी गर्भवती हुई तब उसकी होने वाली संतान से अपनी मृत्यु से भय से कंस ने उन्हें कारागार में डलवा दिया। कंस के कारागार में भादो मास की अष्टमी को रोहणी नक्षत्र में भगवान कृष्ण का जन्म हुआ। कृष्ण जन्म के साथ ही कारागार के सारे बंधन टूट गए और कृष्ण नंदबाबा के घर गोकुल पहुंच गए, जहां उनका लालन पालन हुआ। पंडित विद्यासागर ने कृष्ण जन्म पर भक्तिमय भजन सुनाकर तो श्रद्धालु भक्ति भाव से झूमने उठे। कथा के दौरान जैसे ही भगवान कृष्ण का जन्म हुआ पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठा। उपस्थित भक्तजनों ने एक दूसरे को कृष्ण जन्म की बधाईयां देते हुए प्रसन्नता व्यक्त किया प्रसादी का वितरण किया। पंडित विद्यासागर ने कथा में बताया कि कृष्ण की बाल लीला से लेकर महाभारत की कथा तक भगवान के अनेक रूपों के साथ उनके जन्म का उद्देश्य हम सबको भागवत पुराण के अध्ययन से ज्ञात होता है। कृष्ण गीता में यही उपदेश देते है कि मुझे कोई कटु वचन कह दे तो मैं क्षमा कर देता हूं, मगर मेरे भक्तों का कोई अपमान करें, कटु वचन कह दे तो मैं बर्दाश्त नहीं कर पाता। हम सबको यह जीवन में स्मरण रखना चाहिए कि भगवान के भक्तों को कोई अपने मन, वचन और कर्म से दुख न पहुंचाए। पं विद्यासागर ने भक्तजनों को कहा कि जिनके मन का भाव उत्तम और सच्चा होता है, वही भागवत कथा का श्रवण कर पाता है। भागवत कथा का श्रवण करने वालों का सदैव कल्याण होता है और उन्हें मुक्ति मिलती है। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं और आयोजनकर्ता मोहल्लावासियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

### महासमुंद विकासखंड के 57 ग्राम पंचायतों में पहुंची विकसित भारत यात्रा

**महासमुंद।** राज्य सहित पूरे जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी वाली प्रचार रथ हर ग्राम पंचायत में जाकर केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के संबंध में जानकारी देकर लोगों को मौके पर ही लाभान्वित किया जा रहा है। पात्र हितग्राहियों का पंजीयन भी किया जा रहा है। महासमुंद जनपद पंचायत सीईओ मिशा कोसले ने बताया कि महासमुंद में रूट चार्ट के अनुसार शिविरों का आयोजन निर्धारित तिथि एवं समय पर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 6 दिसंबर तक 57 ग्राम पंचायतों में अभी तक प्रचार रथ पहुंच चुकी है, जो 22 जनवरी तक चलेगा। कोसले ने बताया कि जिन अधिकारी-कर्मचारी की ड्यूटी लगी हुई है, वे कैंप में उपस्थित रहकर योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित करवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि शिविर से पहले कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई और आवश्यक व्यवस्था भी किया जा रहा है। प्रधानमंत्री जनधन योजना अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति कमार परिवारों के घर में जाकर उनकी सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली जा रही है। उन्होंने खैरा, झलप और कमार निवासरत गांवो में प्रधानमंत्री आवास योजना की स्थिति की जानकारी ली और अधूरे आवासों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही पीएम जनमन योजना अंतर्गत शिविरों में पहुंचकर जानकारी ले रहे हैं। कई जगह सेल्फी प्वाइंट लोगों का आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। पीएम जनमन योजना अंतर्गत 5 दिसंबर की स्थिति तक कल 23 कैंप लगे हैं। जिसमें 1973 विशेष पिछड़ी जनजाति के लोग शामिल हुए।

# 21 छात्रों ने प्रावीण्य सूची में स्थान बनाकर महाविद्यालय का बढ़ाया गौरव

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा शिक्षा सत्र 2022-23 में आयोजित एमए, एम कॉम, एमएससी अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा में शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद से 21 विद्यार्थियों ने पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर प्राचार्य डा अनुसुइया अग्रवाल ने हर्ष व्यक्त करते हुए प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त सभी विद्यार्थियों एवं उनके विभाग के साथ ही संपूर्ण महाविद्यालय परिवार को शुभकामनाएं प्रेषित किया। उन्होंने कहा कि विगत सत्र 2021- 22 में वाणिज्य एवं भौतिक शास्त्र विभाग में स्वर्ण पदक सहित 22 विद्यार्थियों ने प्रावीण्य सूची में अपना नाम दर्ज कराया था। यह सब महाविद्यालय परिवार द्वारा संस्था प्रमुख के निर्देशों का पालन कर अनुशासित व सुव्यवस्थित शैक्षिक वातावरण के निर्माण से हो पाया।

इन विद्यार्थियों में से एमकॉम में प्रमोद कुमार नायक ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इनके साथ पांच विद्यार्थियों ने स्थान प्राप्त किया। प्रमोद कुमार ने प्रथम 1658/2000 अंक, खुशबू सोनी ने द्वितीय 1643/ 2000 अंक, रोहित ढीमर ने पांचवा 1622/2000 अंक, ख्याति पटेल ने पांचवा स्थान 1622/ 2000 अंक, अजय साहू ने छठवां 1621/2000 अंक प्राप्त करते हुए प्रावीण्य सूची में अपना स्थान बनाया। एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर रसायन शास्त्र में महाविद्यालय से पहली बार छह विद्यार्थियों में से प्रतीक्षा दानी ने द्वितीय 1661/ 2400 अंक, गीतांजलि डडसेना ने चौथा 1834/2400 अंक, कमलेश साहू ने पांचवां 1832/2400 अंक, अर्जुन बीसी ने सातवां 1827/2400 अंक नोबल साहू ने आठवां 1825/ 2400 अंक, आरुषि कुरैशी ने दसवां स्थान 1812/2400 अंक प्राप्त करते हुए प्रावीण्य सूची में अपना स्थान बनाया। एमए अंतिम सेमेस्टर इतिहास में माया दीवान ने दसवां स्थान 1124/1600 अंक प्राप्त किया किया। एमए चतुर्थ सेमेस्टर राजनीति विज्ञान में चार विद्यार्थियों में से दिव्या चंद्राकर ने छटवा स्थान 1314/1700 अंक, तारण धृतलहरे ने सातवां 1310/1700 अंक, गायत्री कोसरे ने आठवां 1303/11303अंक, संगीता दीवान ने दसवां 1294/ 1700 अंक प्राप्त करते हुए अपना स्थान बनाया। एमए चतुर्थ सेमेस्टर अर्थशास्त्र में दो विद्यार्थियों में से संघवी सिंह ठाकुर ने सातवां स्थान 1554/ 2000 अंक और अजय कुमार नायक ने दसवां स्थान 1537/2000 अंक प्राप्त करते हुए अपना स्थान बनाया। एमएससी अंतिम सेमेस्टर भौतिक शास्त्र में प्रतीक्षा तिवारी ने छठवां 1942 /2400 अंकों के साथ अपना स्थान बनाया।

एमएससी अंतिम सेमेस्टर गणित में वर्षा कोसरिया ने नवम 1565/2000 अंक प्राप्त करते हुए बनाया। एमएससी अंतिम सेमेस्टर वनस्पति शास्त्र में रत्ना ने चतुर्थ 1851/2400 अंक प्राप्त करते हुए स्थान प्राप्त किया। ज्ञात हो कि एम कॉम चतुर्थ सेमेस्टर वर्ष 2021-22 में प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान के साथ सात विद्यार्थियों एवं वर्ष 2022-23 के प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान अर्जित करते हुए पांच विद्यार्थी सम्मिलित है। एमकॉम के प्रावीण्य सूची में वर्ष 2018 से लगातार शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय ने अपना स्थान प्रतिवर्ष दर्ज किया है।

इस उपलब्धि पर महाविद्यालय से करुणा दुबे विज्ञान संकाय प्रमुख, डॉ रीता पांडे कला संकाय प्रमुख, अजय कुमार राजा वाणिज्य संकाय प्रमुख, डॉ मालती तिवारी विभागाध्यक्ष राजनीति शास्त्र, डॉ रमाकांत अग्रवाल सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र, डॉ नीलम अग्रवाल विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र, प्रो सी खलको विभागाध्यक्ष अंग्रेजी, डॉ दुर्गावती भारतीय विभागाध्यक्ष हिंदी, डॉ ईश्वरी प्रसाद चेलक विभागाध्यक्ष वनस्पति शास्त्र, मनीराम धीवर विभागाध्यक्ष भौतिक शास्त्र ,सीमा रानी प्रधान सहायक प्राध्यापक हिंदी, प्रदीप कन्हेर सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र, सरस्वती सेठ सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र, राजेश्वरी सोनी सहायक प्राध्यापक वाणिज्य, दिलीप कुमार लहरे क्रीड़ा अधिकारी, डॉ अजय कुमार देवांगन विभागाध्यक्ष कंप्यूटर, प्रियंका सोनवानी विभागाध्यक्ष प्राणी शास्त्र, मनबोध चौहान सहायक प्राध्यापक वाणिज्य, दिलीप कुमार बढई विभागाध्यक्ष भूगोल, आशुतोष पुरी गोस्वामी सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी, प्रियंका चक्रधारी सहायक प्राध्यापक प्राणी शास्त्र, मनीषा बेहरा सहायक प्राध्यापक वाणिज्य, जगदीश सत्यम सहायक प्राध्यापक भौतिक, केसरचंद बनपाल सहायक प्राध्यापक राजनीति, एसआर रात्रे ग्रंथपाल, शशि कुमार सोनी छात्रावास अधीक्षक, मनोज शर्मा कार्यालय प्रमुख, वेद देवांगन, सौरभ साहू, टीकम साहू ने हर्ष जताया है।

### इंदिरा कॉलोनी में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर प्रभातफेरी

**महासमुंद।** 22 जनवरी राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर वर्धमान नगर इंदिरा कालोनी महासमुंद में बस्ती प्रमुख विजय चंद्राकर, टेकराम सेन के नेतृत्व में अत्यंत उत्साहपूर्ण वातावरण में भजन कीर्तन के साथ प्रभात फेरी निकालकर आमंत्रण दिाय जा रहा है। प्रभातफेरी में प्रमुख रुप से दीपोत्सव, रंगोली, घरों की साज सज्जा, लाइटिंग एवं आसपास के मंदिरों को अयोध्या धाम जैसे बनाये जाने पर जोर दिया जा रहा है। प्रभातफेरी में सम्मिलित होते हुए पार्षद देवीचंद राठी, एमआर विश्वनाथन ने कहा कि सौभाग्य से हमें राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को अपने आंखों से दीदार करने का समय आया है। आप सभी एकजुट होकर पुनः 22 जनवरी को दीपावली जैसा वातावरण तैयार करें। उन्होंने कहा कि अयोध्या धाम से अक्षत एवं आमंत्रण पत्र घर घर पहुंचाया जा रहा है। सहर्ष स्वीकार कर पूजा स्थान में स्थान देकर पूजन करें।

**नाम परिवर्तन**

मैं विभीषण पिता सियाराम ग्राम- कुदारीबाहरा, पोस्ट- बरोली तहसील- बसना जिला- महासमुंद छ.ग. का निवासी हूँ, मैं अपना नाम परिवर्तन कर **विक्रांत साव पिता सियाराम साव** करता हूँ तथा आगे इसी नाम से जाना जाऊँगा।

शपथकर्ता
विभीषण
पिता सियाराम

## खबर संक्षेप

### प्री मैट्रिक अजा व अजजा बालक छात्रावास के छात्रों को ट्रैक सूट का वितरण

**महासमुंद।** जिले में आदिम जाति एवं अनुसूचित विकास विभाग द्वारा संचालित सभी छात्रावास और आश्रम नवाचारों के लिए अपनी अलग पहचान बना रहे है, जहां बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए नित नई गतिविधियों का आयोजन भी हो रहा है। साथ ही छात्रावास में रहने और पढ़ाई में लगन को प्रोत्साहित करने के लिए बचत राशियों से जरूरत की सामग्री भी छात्र-छात्राओं को प्रदान किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला मुख्यालय में संचालित प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास और प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास में अधीक्षक छन्नू साहू एवं मदन चौधरी द्वारा बच्चों को ट्रैक सूट प्रदान किया गया है। जिले में संचालित छात्रावास आश्रम में सामग्री वितरण के लिए सहायक आयुक्त शिल्पा साय द्वारा विशेष मार्गदर्शन दिया गया है।

### पांचवा टेस्ट में 109 परीक्षार्थी शामिल

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा प्रभात मलिक कलेक्टर महासमुंद के मार्गदर्शन में संचालित नवकिरण अकादमी में निःशुल्क 10 टेस्ट सीरीज के क्रम में पांचवा टेस्ट का आयोजन किया गया। नवकिरण अकादमी के जिला समन्वयक ईश्वर चंद्राकर ने बताया कि निःशुल्क 10 टेस्ट सीरीज के क्रम में पांचवा टेस्ट पेपर अर्थशास्त्र, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण का हुआ। पांचवा टेस्ट पेपर में नवकिरण कोचिंग और ग्रंथालय में अध्ययनरत 87 परीक्षार्थियों और अन्य पीएससी की तैयारी करने वाले 22 परीक्षार्थियों कुल 109 परीक्षार्थियों ने शामिल होकर टेस्ट दिलाया। 10 टेस्ट के क्रम में छठवां टेस्ट का आयोजन 14 जनवरी 2024 को सामान्य अध्ययन -1 का टेस्ट आयोजित होगा। चंद्राकर ने आगे बताया कि आगे आयोजित होने वाले टेस्ट में तैयारी करने वाले और पीएससी प्री परीक्षा में शामिल होने वाले इच्छुक परीक्षार्थी जानकारी प्राप्त करने और पंजीयन कराने कार्यालय नवकिरण में आकर संपर्क कर सकते है।

**महंगाई : संक्रांति पर तिल-गुड़ के रेडीमेड लड्डुओं की बढ़ी मांग**

# मकर संक्रांति से पहले तिल और गुड़ के दामों में भी आई तेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

संक्रांति के मौके पर घर-घर में लड्डू बनाए जाते हैं। लेकिन, इस साल लड्डू बनाने वाली किराना सामग्री के दाम कई गुना बढ़ गए हैं। जिसके चलते लोग पिछले साल की अपेक्षा कम ही किराना खरीद रहे हैं। पिछले साल 35 रुपए से 40 रुपए किलो बिकने वाले गुड़ के दाम 45 से 50 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गया है। वही तिल के दाम 170 रुपए से 220 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गए हैं।

#### घरों में अब कम ही बनाते हैं लड्डू

बेसन में 20 रुपए प्रति किलो की वृद्धि के साथ 80 रुपए प्रति किलो बिक रहा है। मैदा के दामों में भी 8 से 10 रुपए प्रति किलो की वृद्धि हुई है। रेडीमेड लड्डू की बढ़ी मांग संक्रांति पर लड्डू बनाने के पहले घर-घर में महीनों पहले से तैयारी शुरू हो जाती थी। बड़ी संख्या में बेसन, मैदा, चावल, राजगीर आदि के लड्डू बनाए जाते थे। लेकिन, अब घरों में कम ही लड्डू बनाए जाते हैं। लोग रेडीमेड लड्डू खरीदने लगे हैं।



#### संक्रांति पर तिल-गुड़ के लड्डू का खास महत्व

कोई भी त्यौहार हो उसमें कुछ खास व्यंजन बनाए जाते हैं और खाए जाते हैं। चाहे वो दिवाली हो या फिर होली, हर खास मौके पर कुछ न कुछ खास चीजें जरूर बनाई जाती हैं। इसी तरह मकर संक्रांति के मौके पर तिल-गुड़ के लड्डू के सेवन का खास महत्व है। इसे बनाने के लिए लोग काफी पहले से तैयारी करना शुरू कर देते हैं। लड्डू के अलावा तिल से बने दूसरे व्यंजन जैसे गजक का सेवन भी किया जाता है।

त्यौहार आते ही खाद्य सामग्रियों के दामों में तेजी आने लगती है। संक्रांति आते ही गुड़ के दामों में दस रुपए प्रति किलो तक की तेजी आ गई है। व्यापारियों का कहना है कि गन्ना लगाने से लेकर गुड़ बनाने तक की लागत अधिक आने के कारण दाम में तेजी आई है। पिछले साल गुड़ के दाम 35 से 40 रुपए प्रति किलो रहे थे। लेकिन, उन्हें इस साल गुड़ महंगा मिला है। जिसके चलते उन्हें 45-50 रुपए प्रति किलो में गुड़ विक्रय करना पड़ रहा है।

#### इस दिन क्यों खाते हैं तिल और गुड़

देश में हर त्योहार पर विशेष पकवान बनाने व खाने की परंपराएं भी प्रचलित हैं। इसी श्रृंखला में मकर संक्रांति के अवसर पर विशेष रूप से तिल व गुड़ के पकवान बनाने व खाने की परंपरा है। कहीं पर तिल व गुड़ के लड्डू बनाए जाते हैं तो कहीं चक्की बनाकर तिल व गुड़ का सेवन किया जाता है। वहीं कई जगह तिल व गुड़ की गजक भी लोग खूब पसंद करते हैं, लेकिन संक्रांति के पर्व पर तिल व गुड़ का ही सेवन क्यों किया करते है। इसके पीछे भी वैज्ञानिक आधार है। सर्दी के मौसम में जब शरीर को गर्मी की आवश्यकता होती है तब तिल व गुड़ के व्यंजन यह काम बखूबी करते हैं। क्योंकि, तिल में तेल की मात्रा बहुत ज्यादा होती है, जिसका सेवन करने से शरीर में पर्याप्त मात्रा में तेल पहुंचता है और जो हमारे शरीर को गर्माहट देता है। इसी प्रकार गुड़ की तासीर भी गर्म होती है। तिल व गुड़ के व्यंजन सर्दी के मौसम में हमारे शरीर में आवश्यक गर्मी पहुंचाते हैं। यही कारण है कि मकर संक्रांति के अवसर पर तिल व गुड़ के व्यंजन प्रमुखता से बनाए और खाए जाते हैं। किराना व्यापारी संघ के सह सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि 15 नवंबर के बाद तिल-गुड़ व किराना सामग्री की बिक्री शुरू हो जाती थी, जो 15 जनवरी तक चलती थी। लेकिन, अब जनवरी में 10 से 15 दिन की ही ग्राहकी होती है। ज्यादातर लोग रेडीमेड लड्डू खरीद कर ले जाते हैं।

## सप्ताहभर में 98 ग्रामों तक पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा : चोपड़ा

**महासमुंद।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के जिला संयोजक व पूर्व विधायक डा विमल चोपड़ा ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा की तिथि 26 जनवरी तक बढ़ाते हुए जिले के समस्त ग्रामों तक पहुंचने का कार्यक्रम तय कर दिया गया है। इसके तहत आगामी 26 जनवरी तक यह यात्रा जिलेभर के ग्राम पंचायतों में पहुंचेगी तथा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

डा चोपड़ा ने आगे बताया कि उक्त कार्यक्रमों के लिए जिला प्रशासन ने नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए हैं। साथ ही भाजपा के समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ता तथा विकसित भारत संकल्प यात्रा के समस्त मंडल प्रभारी यह सुनिश्चित करें कि आगामी 26 जनवरी तक संकल्प यात्रा जिन ग्रामों तक पहुंचेगी, वहां पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने में सहायता करें। डा चोपड़ा ने बताया कि संकल्प यात्रा बागबाहरा विखं में 8 जनवरी को भीमखोज, आंवराडबरी, 9 को चरौदा, एमकेबाहरा, 10 को जामली, कमरौद, 11 को पचेड़ा, मामाभांचा, 12 को डुमरपाली, पोटिया, 15 को खुटेरी, तुसदा पहुंचेगी। बसना विखं में 8 को मेढ़ापाली, उमरिया, 9 को कोटेनदरहा, बिछिया एस., 10 को सागरपाली, सुखापाली, 11 को बरतियाभाठा, भंवरपुर, 12 को लंबर, मोधापाली, 13 को संतपाली, खोकसा, 15 को लोहड़ीपुर, जमदरहा। महासमुंद विखं में 8 को बोरिया, बकमा, परसदा, खट्टी, 9 को लभराकला, सोरम, सिंघी, कोसरंगी, 10 को झारा, पाली, बंबुरडीह, रामखेड़ा, 11 को मानपुर, बोड़रा, खट्टा, चौकबेड़ा, 12 को तोरला, नवागांव,जोगीडीपा, पटेवा, 13 को बावनकेरा, सिंधौरी, छिंदौली, पथर्री, 14 को डुमरपाली, सरेकेल, 15 को जोबाकला, भटगांव, नरतोरा, बारेकेलकला। पिथौरा विखं में 8 को छिंदौली, बेलडीह, लिलेसर, 9 को चरौदा, परसदा, बुंदेली, बिराजपाली, 10 को कोदोपाली, कोल्दा, गोड़बहाल, मुढ़ीपार, 11 को पिपरौद, सागुनढाप, माटीदरहा, उतेकेल, 12 को सांकरा, परसवानी, बगारदरहा, बड़ेलोरम, 13 को जेराभरन, रिखादादर, लारीपुर, सिंघनपुर, 15 को डोंगरीपाली, कटंगतराई, छोटेलोरम, ढोढरकसा एवं सरायपाली विख में 8 को प्रेतेनडीह, केंदुढार, 9 को बाराडोली, नवरंगपुर, 10 को तोषगांव, लमकेनी, 11 को परसकोल, कंवरपाली, 12 को कोसमपाली, जम्हारी, 13 को अंतरझोला, डुमरपाली, 15 को घुंचापाली, मल्दामाल में यात्रा पहुंचेगी।

## हसदेव बचाओ आंदोलन को समर्थन देने पहुंची विधायक चातुरी




**सरायपाली।** सरगुजा जिले के हरिहरपुर में चल रहे हसदेव बचाओ आंदोलन का समर्थन देने सरायपाली विधायक चातुरी डिग्रीलाल नंद हरिहरपुर आंदोलन स्थल पहुंची। उन्होंने आंदोलन को संबोधित करते हुए कहा कि हसदेव मध्य भारत का फेफड़ा कहलाता है और जब फेफड़ा ही सुरक्षित नहीं रहेगा तो क्या हम सुरक्षित रह पाएंगे? विधायक नंद ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा जैसे ही सत्ता में आई है तब से आदिवासियों के जल जंगल और जमीन को लूटने का षड्यंत्र शुरू हो गया है, लेकिन सड़क से लेकर सदन तक की लड़ाई लड़ेंगे। उन्होंने आदिवासियों को आह्वान करते हुए कहा कि हम सबको इस लड़ाई को लड़ने आगे आना होगा। मैं आपकी लड़ाई लड़ने तैयार हूं। बता दें कि हसदेव में पेड़ों की कटाई फिर से शुरू हो गई है। जिसके बाद हसदेव बचाओ आंदोलन तेज हो गया है। आंदोलन को समर्थन देने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों और नेताओं का दल हरिहरपुर पहुंची थी। इस आंदोलन को समर्थन देने क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता घसिया सिदार, जनपद सदस्य गणेश बरिहा, मनोज पटेल, कौशल बघेल, संपत निषाद, गुंजल सिदार समेत कांग्रेस कार्यकर्ता भी पहुंचे थे।

# यादव समाज ने खल्लारी विधायक का किया सम्मान

## विधायक ने समाज के लोगों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा




ग्राम कसेकेरा में आयोजित कार्यक्रम में यादव समाज ने समाज का नाम रोशन करने वाले खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव का स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान विधायक यादव ने समाज को आगे लाने हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

रविवार को ग्राम कसेकेरा में यादव समाज द्वारा यादव समाज का सम्मेलन व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव थे। सर्वप्रथम समाज के लोगों ने खल्लारी विधानसभा से लगातार दो बार विधायक पद पर विजयी होने व समाज का नाम रोशन करने पर विधायक यादव को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान यादव समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि पिछले पांच साल के कार्यकाल में विधायक यादव ने समाज के विकास के लिए हरसंभव प्रयास किया और आगे भी सहयोग की अपेक्षा की।

विधायक यादव ने चुनाव में सहयोग के लिए सामाजिक पदाधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि समाज को आगे लाने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। विधायक यादव ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के विकास के लिए शिक्षा जरूरी है। समाज के पदाधिकारियों की यह जिम्मेदारी है कि वे समाज के लोगों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाएं, जिससे समाज विकास की राह पर आगे बढ़े। विधायक यादव ने कहा कि समाज का प्रत्येक व्यक्ति नशा से मुक्त हो एवं समाज व्यक्ति को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करें तो समाज का वास्तविक विकास होगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रमुख रूप से केजूराम यादव, हलधर यादव, अमर यादव, श्याम यादव, हरिकृष्ण यादव, राम यादव, मेघनाथ यादव, विनोद यादव, समलिया यादव, कल्पना संतोष यादव, बिंदेश्वरी हलधर यादव, कृति विनोद यादव, आशा हंसराज यादव, प्रेमलता प्रदीप यादव, किरण देवेंद्र यादव, सजनी यादव, लेखा बाई ललित यादव, शीला बाई यादव, देवकी यादव, कांता यादव, ममता यादव, विमला यादव, बबली यादव, तारकेश्वरी यादव, विजय लक्ष्मी यादव, हीरा बाई यादव, भुनेश्वरी यादव, सुमन नीलकंठ यादव, जीवनलाल यादव, भैयाराम यादव, जगदीश यादव, चंद्रिका प्रसाद यादव, छबिराम यादव, बरसाती यादव, भैयाराम यादव, दौलत यादव, संतोष यादव सहित समाज के लोग मौजूद रहे।

## यात्रा में ग्रामीणों को दी जा रही योजनाओं की जानकारी

**महासमुंद।** महासमुंद विकासखंड के ग्राम उमरदा, झालखम्हरिया, खैरा, लभराखुर्द में संकल्प विकसित भारत का शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कृषि, स्वास्थ्य, महिला बल विकास, पंचायत, पीएचई, श्रम एवं अन्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों ने शासन की योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। साथ ही समाधान भी किया। अभियान के तहत विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को मिले यह सुनिश्चित हो, क्योकि छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार है। भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ बनाया है, संवारने का भी काम भाजपा करेगी। योजनाओं का लाभ पहुंचाने मोदी की गारंटी वाली गाड़ी इन दिनों गांव-गांव में रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय संकल्पित है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा से जो अब तक सरकार की योजनाओं से नहीं जुड़ पाए वे इस यात्रा से जुड़ पाएंगे, जिससे शासन की योजना अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष श्याम साकरकर, प्रदेश कार्यसमिति भाजपा किसान मोर्चा प्रेम चंद्राकर, पिछड़ा वर्ग प्रदेशकार्यसमिति राजू यादव, बंटी शर्मा ने सभा को संबोधित किया। इस पर जनपद सदस्य निधि लोकेश चंद्राकर, सरपंच जय सुधा हेमंत चंद्राकर, यशवंत साहू, हिरदय राम साहू, जनक यादव, परस तिबुडे, टेकराम, सोनिया यादव, तिरमनी ध्रुव, जगत, श्रीराम ध्रुव, घनश्याम सेन, सुदामा निषाद आदि उपस्थित रहे।



### वृंदावन विद्यालय में अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन

**महासमुंद।** स्थानीय वृंदावन विद्यालय में अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का प्रमुख उद्देश्य विद्यालय में अध्ययन छात्र-छात्राओं के अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम पर, उनके प्रगति व सर्वांगिण विकास के लिए चर्चा करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था प्रमुख एमआर विश्वनाथन, संचालिका सुजाता विश्वनाथन, उपप्रचार्या इंदु मिश्रा, वरिष्ठ शिक्षिका विजय लक्ष्मी राव, आशा ज्योति डोरा, उर्मिला अग्निहोत्री द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष द्वीप प्रजज्वलन कर किया गया। शिक्षिका अंशु यादव द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख एमआर विश्वनाथन द्वारा बच्चों के सफलता के मार्ग पर आने वाले सकारात्मक व नकारात्मक तथ्यों पर अपना विचार प्रकट किया गया। सुजाता विश्वनाथन द्वारा सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासित जीवन पर अपना विचार अभिव्यक्त कर बच्चों की वार्षिक परीक्षा की तैयारी के लिए मार्गदर्शन किया गया। तत्पश्चात उप प्रचार्या इंदु मिश्रा द्वारा अर्धवार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों का नाम घोषित किया गया। इस अवसर पर अभिभावक मुकेश कुमार वर्मा द्वारा विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों पर सकारात्मक विचार व्यक्त किया गया। तत्पश्चात विद्यालय में निर्धारित स्थान पर क्रमबद्ध व सफल रूप से सभी छात्र-छात्राओं का अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम कक्षा शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा अभिभावक व विद्यार्थियों को बताया गया। अभिभावक-शिक्षक बैठक कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका काजल ठाकुर द्वारा तथा आभार प्रदर्शन वरिष्ठ शिक्षिका विजय लक्ष्मी राव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आशा ज्योति डोरा, उर्मिला अग्निहोत्री, विजय लक्ष्मी राव, अमृता चंद्राकर, रेखा साहू, काजल ठाकुर, जागृति साहू आदि मौजूद रहे।

# ईवीएम को बैन कर मत पत्रों से चुनाव कराने की मांग

## आप के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चंद्राकर, प्रदेश सह सचिव अभिषेक जैन, जिला उपाध्यक्ष शकील खान के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने महासमुंद जिला कलेक्टर प्रभात मलिक के माध्यम से राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डी वाय चंद्रचूड़ एवं भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के नाम ज्ञापन सौंपते हुए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन को बैन कर मत पत्तों के माध्यम से चुनाव कराने की मांग की।

जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चंद्राकर ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन आज संदेह के दायरे में आ चुकी हैं। पूरे देश में विभिन्न सामाजिक संगठन, सुप्रीम कोर्ट के वकील तथा विभिन्न राजनीतिक दल इसका विरोध कर रहे हैं। सभी राजनीतिक दल और समाजिक संगठन इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन को भारत में बैन कर मत पत्रों के माध्यम से पुनः चुनाव कराने की मांग कर रहे हैं। पूरे विश्व में वे विकसित देश जो कि स्वयं अपने देश में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का निर्माण करते हैं उन देशों में अमेरिका एवं जापान जैसे देश शामिल है वे स्वयं अपने देश में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन को बेन कर रखे है। इन देशों में चुनाव वैलेट पेपर के माध्यम से होता है। ये देश अपने यहां के चुनाव में इन मशीनों को प्रयोग नहीं करती है। आज जब करोड़ों मील दूर उपग्रह एवं सैटेलाइट को पृथ्वी से कंट्रोल किया जा सकता है तो इन इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन को क्यों नहीं किया जा सकता। आज के आधुनिक विज्ञान के युग में किसी भी चीज को हैक करना संभव है। भारत में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का विरोध सभी राजनीतिक दल एवं संगठन कर रहे हैं, लेकिन एक ही दल भाजपा जो कि सत्ता में आसीन है इसके समर्थन में बैठी हुई है। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन को लेकर भाजपा का समर्थन जनता को समझ आ रही है। भारत में इन इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में दिखाने के लिए वीवीपैट मशीनों को जोड़ा गया है, जिसमे से निकले पर्चियों की गिनती तक नहीं की जाती है,यह कैसी पारदर्शिता है। जनता अपने जनप्रतिनिधि का चुनाव बड़े उम्मीद के साथ करती है, लेकिन अगर कोई दूसरा व्यक्ति उन वोटों को इन मशीनों के माध्यम से अपने खाते में तब्दील कर लेता है तो यह जनता के साथ विश्वासघात है। ज्ञापन सौपने वालों में आम आदमी पार्टी के भूपेंद्र चंद्राकर, अभिषेक जैन, शकील खान, इमरान खान, मेघा चंद्राकर, कादिर चौहान, सुषमा साहू, सीता दीवान, अनवर खान, राजेश यादव आदि उपस्थित रहे।



# हमारे भांजे हैं प्रभु श्रीरामः अंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा खल्लारी विधानसभा के ग्राम तेलीबांधा पंचायत ओंकारबंद के सांस्कृतिक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अथिति शामिल हुए।

पारंपरिक बाजे की थाप और फूलमाला और पटाखों से जोरदार ढंग से परघाने के बाद मां सरस्वती का पूजा अर्चना कर छत्तीसगढ़ महतारी व मां खल्लारी के जयघोष के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। अपने उद्बोधन में अंकित बागबाहरा ने समस्त ग्रामवासियों व बड़ी संख्या में उपस्थित माताओं, बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के तीज त्योहारों, खेलों, राज गीत, राजकीय गमछा, छत्तीसगढ़ महतारी, बोरे बासी को एक नई पहचान दी। छत्तीसगढ़ जो कि दक्षिण कौशल कहलाता था, यहां रामजी के ननिहाल में हमारे भांजें श्रीराम के काटे वनवास के मार्ग को रामगमन वन परिपथ बना। माता कौशल्या के मंदिर का जीर्णोध्दार करवा इसका परिचय पूरे विश्व से करवाया। आज अमेरिका में भी छत्तीसगढ़ के बोरे बासी को खाया जा रहा है। इसके लिए भूपेश बघेल को हम साधुवाद देते हैं और भले ही कांग्रेस की सरकार नहीं बन पाई है पर ग्राम विकास में कहीं कमी नहीं होने देंगे। अगर कोई रोकेगा तो सभी मिलकर उसका विरोध करेंगे। आगे अंकित ने कहा कि ऐसे आयोजनों से ही ग्राम की एकता परिलक्षित होती है और भाई चारा बढ़ता है और ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए। कार्यक्रम में जनपद सदस्य चंद्रहास चंद्राकर, सरपंच असंग दीवान, सरपंच कमल साहू, सरपंच रामेश्वर निषाद, जिला कांग्रेस संयुक्त महामंत्री राजेश राजपूत, पिछड़ा वर्ग ब्लॉक अध्यक्ष चंदूलाल साहू, पूर्व मामाभांचा सोसाइटी अध्यक्ष कोमल महानंद, पूर्व सरपंच नीरज चंद्राकर, उपसरपंच उगेश्वर पटेल, सुरेश पांड़े, मास्टर डेविड महानंद, मेवालाल सिन्हा, यंग स्टार ग्रुप के लुकेश्वर दीवान, नागेश दीवान, लोमश ध्रुव, कुलेश्वर दीवान, मंच संचालक कोमल दीवान, राधेश्याम शर्मा, पोखन साहू, धर्मेंद्र साहू, अशोक साहू, मुन्नालाल दीवान, खिलेश साहू, देवप्रकाश साहू, गंगाप्रसाद ध्रुव, नीलाभ दीवान सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी व कलाकार उपस्थित रहे।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
9406004581
7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### खरोरा में निकाली जा रही प्रभातफेरी

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में अयोध्या के राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर भक्तिमय वातावरण तैयार करने प्रभातफेरी निकाली जा रही है। रामभक्त संवेदना समूह द्वारा विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। ग्रामवासियों द्वारा रामटोली के माध्यम से सुनिता देवदत्त चंद्राकर, उमेश गोस्वामी, जितेंद्र कुमार चंद्राकर, ओम प्रकाश चंद्राकर, अदिति चंद्राकर, मोना चंद्राकर, डोमार साहू, देवदत्त चंद्राकर, मुकेश चंद्राकर, गीता, किसन चंद्राकर, संतोषी चंद्राकर समेत डाइट के छात्राध्यापकों, गांव के छात्रों द्वारा भक्तिमय वातावरण बनाया जा रहा है।



### बैंक में मनाया गया स्थापना दिवस

**महासमुंद।** 6 जनवरी को यूको बैंक महासमुंद ब्रांच ने बैंक का 82वां स्थापना दिवस बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर बैंक में ग्राहकों का आना जाना लगा रहा। सभी को मिठाई खिलाई गई।



### पेंशनरों ने किया विधायक का सम्मान

**महासमुंद।** पेंशनर एसोसिएशन तहसील शाखा महासमुंद जिलाध्यक्ष आरडी साहू के नेतृत्व में पेंशनर सम्मेलन कार्यक्रम बेमचा गायत्री मंदिर परिसर में हुआ। समेलन में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का पेंशनरों द्वारा स्वागत किया गया। बाद महिला/पुरुष पेंशनरों का श्रीफल, साल व पुष्प हार से स्वागत किया गया। इस मौके पर पेंशनरों की समस्याओं पर चर्चा की गई। आगंतुक अतिथियों का स्मृति चिन्ह व श्रीफल से स्वागत किया गया।



### संकल्प यात्रा में लोगों को आज संबोधित करेंगे पीएम

**महासमुंद।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के जिला संयोजक डा विमल चोपड़ा ने बताया कि 8 जनवरी को विकसित भारत संकल्प यात्रा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुबह साढ़े 11 बजे वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से लाइव संबोधित करेंगे। मोदी देश के समस्त नागरिकों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभार्थियों के जीवन में आए बदलाव व उनसे जुड़े अन्य अनुभव साझा करेंगे। जिला संयोजक डा चोपड़ा ने उक्त कार्यक्रम से संबंधित समस्त तैयारी के लिए मंडल संयोजकों को जुटने आग्रह किया हैं। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री के संबोधन को एलईडी के माध्यम से समस्त ग्रामों में संकल्प यात्रा के दौरान निर्बाध रूप से प्रदर्शित करने पूरी तैयारी कर लें। गांव के अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचकर संकल्प यात्रा में शामिल होने आग्रह करें। साथ ही अधिक से अधिक लोगों की उपस्थिति की हो इसकी तैयारी मंडल प्रभारियों को करने के निर्देश उन्होंने दिए हैं।

### कलेक्टर जन चौपाल अब प्रत्येक सोमवार को

**महासमुंद।** आम जनता की समस्याओं व शिकायतों के निराकरण के लिए जिला कार्यालय महासमुंद में कलेक्टर जनचौपाल का आयोजन अब प्रत्येक सोमवार को अपरान्ह 12 बजे से 1 बजे तक किया जाएगा। कलेक्टर जनचौपाल में आवेदन प्रस्तुत करने के लिए टोकन का वितरण हमर गोहार कक्ष में अपरान्ह 12 बजे तक किया जाएगा।

---

**खेल : आत्मानंद के वार्षिक खेल स्पर्धा का विधायक ने किया शुभारंभ**

# खेलकूद से छात्रों को मिल रही अलग पहचान : विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल नयापारा के वार्षिक खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ नवनिर्वाचित विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। अतिथि के रूप में देवीचंद राठी, संदीप दीवान, मंगेश टांकशाले, मीना वर्मा, हनीफ कुरैशी, बंटी शर्मा, महेंद्र सिका, रमेश साहू, हनीफ बग्गा, गोपाल वर्मा, गुड्डा सिन्हा, वीरेंद्र चंद्राकर एवं शिक्षा विभाग से सहायक संचालक नंदकिशोर सिन्हा उपस्थित थे।

समस्त अतिथियों को स्कूल के मुख्य गेट से मंच तक संस्था के स्काउट गाइड के छात्रों द्वारा मार्च पास्ट करते हुए लाया गया।



सरस्वती पूजा के पश्चात अतिथियों का स्वागत संस्था के प्राचार्य, शिक्षकों छात्र संघ के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। प्राचार्य अमी रूफस ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। छात्र संघ के शाला नायिका चेष्ठा ने अतिथियों के स्वागत में भाषण प्रस्तुत किया। शाला नायक लिशांशु द्वारा सभी छात्रों को शपथ दिलाई गई। विधायक सिन्हा एवं समस्त अतिथियों ने स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजित परेड की सलामी लेकर छात्रों को खेल भावना के साथ खेलने के लिए शपथ दिलाई। वार्षिक खेल प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा की गई।

अपने उद्बोधन में विधायक सिन्हा ने कहा कि खेल कूद में भाग लेने वाले छात्र अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी आवश्यक होता है। उन्होंने कहा कि पूर्व की कहावत पढ़ोगो लिखोगे तो बनोगे नवाब, खेलोगे कूदोगे तो होंगे खराब वाली कहावत अब बदल गया है। अब खेलकूद में भाग लेने वाले छात्र बहुत आगे बढ़ रहे है। आईएएस, आईपीएस. डाक्टर इंजीनियर बन रहे हैं। खिलाड़ी को खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए। मैदान में जो खेलेगा वही जीतेगा और वही हारेगा, खिलाड़ी को न जीतने की खुशी न हारने का गम इस बात को लेकर चलना चाहिए। कार्यक्रम में देवीचंद राठी, संदीप दीवान, मीना वर्मा, रमेश साहू तथा नंद किशोर सिन्हा ने अपने विचार रखे।

### छात्राओं ने प्रस्तुत किया शानदार जुंबा डांस

इस अवसर पर छात्राओं द्वारा शानदार जुंबा डांस प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा. शसबीर कौर संधु, मार्च पास्ट का संचालन पीटीआई तृषा शर्मा ने किया एवं आभार प्रदर्शन प्रमोद कुमार कन्नौजे ने किया। इस अवसर पर संस्था के केआर सागर, गोसाईराम टांडेकर, प्राथमिक विभाग के प्रधान पाठक रूपा पांडेय, पूर्व माध्यमिक विभाग के प्रधान पाठक कीर्ति थवाईत, प्रियंका पीटर, शिवा कोटेश्वरमा, विकास यादव, मितेश शर्मा, डी. बसंत साव, नेहा दुबे, हीरालाल जोशी, आक्षांक्षा भोई, रंजीत सिंह रूपराह, दिव्येश वाणी, रौनक अग्रवाल, नेहा सिंह, आकांक्षा जैन, योगिता ठाकुर, हेमलाल चक्रधारी, मधु साहू, ऋतुराज देवांगन, रवि ठाकुर, मदन कौशिक, शनि ठाकुर, तेजेश्वरी साहू, अंजू चंद्राकर मनीषा कन्नौजे, ऋतुराज देवांगन, प्रेम यादव, मोहन, प्रकाश झम्मन, गणेश, दुर्गा, सहित संस्था के सभी शिक्षक-शिक्षिका सहित छात्र संघ के पदाधिकारी तुषा साहू, शाहरिक निखिल, बुशरा, प्रियांक उपस्थित रहे।

---

## सीबीआई जांच से पीएससी घोटाले का पूरा सच आएगा सामने : रमेश

**महासमुंद।** भाजपा नेता व पूर्व व्यापारी प्रतिनिधि रमेश साहू ने विगत दिनों मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा पीएससी परीक्षाओं में हुई अनियमितताओं की सामने आईं शिकायतों की जांच का जिम्मा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपे जाने के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इससे युवाओं के साथ हुए अन्याय का हिसाब होगा और दोषियों को उनके कृत्यों की कड़ी सजा मिलेगी। साहू ने कहा कि सीजी-पीएससी की भर्ती विवादों में रही है। इसमें आयोग के तत्कालीन चेयरमैन टामनसिंह सोनवानी, राजभवन सेक्रेटरी अमृत खलको समेत कई अफसरों के बेटे-बेटियों और रिश्तेदारों को डिप्टी कलेक्टर पद पर नियुक्ति के आरोप लगे थे। इसे लेकर अभ्यर्थियों ने राजधानी में नग्न होकर प्रदर्शन तक किया था। लेकिन भूपेश सरकार ने युवाओं के साथ हुए अन्याय पर ध्यान नहीं दिया और उल्टे इन नियुक्तियों को जायज ठहराने के लिए कुतर्क कर भ्रष्टाचार की सारी हदें लांघ दी थीं। उच्च न्यायालय ने भी इन नियुक्तियों पर रोक लगाकर इस पूरे मामले की जांच कराए जाने पर जोर दिया था, लेकिन युवाओं के साथ छल-कपट और धोखाधड़ी करने वाली प्रदेश सरकार ने इसकी जांच की कोई पहल नहीं की। साहू ने कहा कि भाजपा ने अपने संकल्प पत्र मोदी की गारंटी में प्रदेश के युवाओं से यह वादा किया था कि सत्ता में आते ही भाजपा सरकार न केवल इस पूरे मामले की सीबीआई से जांच कराई जाएगी, अपितु पीएससी की तमाम प्रतियोगी परीक्षाओं की पारदर्शिता भी सुनिश्चित की जाएगी। अतः प्रदेश की

---

# बेरोजगारी भत्ता पर भाजपा की नीति स्पष्ट नहीं : विनोद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव व विधायक

**प्रदेश के युवाओं को बेरोजगारी भत्ता से वंचित कर रही भाजपा**



विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने प्रदेश के भाजपा सरकार पर बेरोजगारी भत्ता योजना को षड़यंत्रपूर्वक बंद करने का आरोप लगाते हुए इसे प्रदेश के 18 से 35 वर्ष के युवाओं के साथ विश्वासघात बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रदेश सरकार को बेरोजगारी भत्ता पर अपनी नीति स्पष्ट करना चाहिए।

चंद्राकर ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शिक्षित-बेरोजगार युवाओं को आर्थिक संबल प्रदान करने तथा उन्हें रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने के लिए बेरोजगारी भत्ता योजना शुरू की थी। इसके अतिरिक्त युवाओं के लिए कांग्रेस कार्यकाल में लगातार प्लेसमेंट कैंपों का आयोजन भी किया जाता रहा। बेरोजगारी भत्ता पुस्तक खरीदने एवं प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने के लिए एक सहारा बना। परीक्षा फॉर्म भरने, अन्य जरूरी सामग्री खरीदने में युवाओं के लिए मददगार साबित हुई। इस योजना के प्रारंभ होने से बहुत सारे समस्याओं का समाधान हुआ तथा युवाओं को छोटे-छोटे चीजों के लिए माता-पिता पर आश्रित नहीं रहना पड़ा।

चंद्राकर ने कहा कि अब युवाओं के हित के इस महत्वपूर्ण योजना को भाजपा सरकार द्वारा बंद कर दिया गया है। युवाओं को आखिरी बार नवंबर-2023 में बेरोजगारी भत्ता की आखिरी किस्त जारी की गई थी। प्रति महीने 2,500 रुपए प्रदान किए जाने वाले बेरोजगारी भत्ते को लेकर अभी भी संशय बना हुआ है। बेरोजगारी भत्ते पर अभी तक आधिकारिक निर्णय नहीं लिया गया है। भूपेश सरकार में प्रदेश के 17 लाख पंजीकृत बेरोजगारों के लिए यह योजना सहारा बना था। आचार संहिता की अवधि में भी योजना का लाभ बेरोजगारों को नवंबर महीने तक मिलता रहा। प्रदेश में बेरोजगारों को आठ महीने में 146 करोड़ रुपए का वितरण किया गया।

बारहवीं पास बेरोजगारों को इस योजना के तहत उनके खातों में सीधे 2,500 रुपए की राशि प्रदान की जाती थी। बेरोजगारों को आर्थिक मदद के साथ ही कौशल विकास प्रशिक्षण भी देना था। लेकिन, इस महत्वपूर्ण योजना तथा युवाओं के हित में भाजपा के जनप्रतिनिधि, नेता मौन साधे हुए हैं।

---

# विकसित भारत संकल्प यात्रा चकरदा और मोंहदा पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

केंद्र सरकार और छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा के ग्राम चकरदा व मोहदा पहुंची, जहां ग्रामीणों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित भाजपा मंडल सरायपाली के मंडल महामंत्री प्रमोद कुमार सागर ने कहा कि नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने और दैनिक जीवन यापन को सहज बनाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। संकल्प यात्रा में



सभी विभागों के जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी उपस्थित रहें। इस दौरान आयोजित शिविर में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। शिविर में अधिकारियों ने नागरिकगणों की जरूरत, समस्याओं, मांगों को सुनने के साथ ही नियमानुसार कार्यवाही भी की गई। उन्होंने सभी ग्रामीण जनों से इस शिविर में पहुंचकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

---

# नर्रा पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा





हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी विकसित भारत संकल्प यात्रा शनिवार को बागबाहरा ब्लाक के ग्राम पंचायत नर्रा पहुंची। यात्रा में जनप्रतिनिधि और ग्रामीण शामिल हुए। संकल्प यात्रा में पहुंचे महासमुंद लोकसभा सांसद चुन्नीलाल साहू, जनपद पंचायत बागबाहरा स्मिता चंद्राकर, सांसद प्रतिनिधि हितेश चंद्राकर, लोचन पटेल, जनपद सदस्य नामेश्वरी दीवान, शहर मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू, कोमाखान मंडल अध्यक्ष भेखलाल सागर चंद्राकर, दुबेलाल साहू, मूलचंद साहू, नवीन पटेल स्थानीय सरपंच गोपाल किशन पटेल मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने मां सरस्वती की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। अतिथियों ने स्टॉल का अवलोकन भी किया। इस मौके पर सांसद साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की विकसित भारत कल्पना को सकार करने के लिए आज हम हमको संकल्प लेना है और मोदी का सपना है कि हमारा देश समृद्ध बने। देश के अंतिम छोर में बसे लोग समृद्ध हो। सभी अतिथियों ने शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं के जानकारी देते हुए हर गरीब परिवारों को पक्का मकान, नल ही जल मिशन के तहत हर घर शुद्ध पेयजल आपूर्ति, उज्जवला योजना, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, जेनेरिक दवाई आदि की जानकारी देने के साथ सभी इन योजनाओं का लाभ उठाने प्रेरित किया। मोदी सरकार की गारंटी वाली गाड़ियों से भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी डिजिटल स्क्रीन फ्लैक्स और पोस्टर के माध्यम से जन जन तक पहुंचाई जा रही है। यात्रा में राजस्व विभाग के अनुभागीय अधिकारी, कोमाखान तहसीलदार ममता ठाकुर, विभाग के सभी अधिकारी कर्मचारी, सरपंच लोभेश्वर पांडे, सचिव घनश्याम दीवान, रोजगार सहायक पोखराज बेलदार सहित ग्रामीण व हितग्राही मौजूद रहे।

---

## नयापारा क्षेत्र में किया गया पूजित अक्षत वितरित

**महासमुंद।** आगामी 22 जनवरी को राम नगरी अयोध्या में भगवान रामचंद्र के भव्य नवनिर्मित मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर को रामजी की पूजा अर्चना समारोह के रूप में मनाने की अपील करते हुए रामभक्तों ने नयापारा क्षेत्र में नागरिकों को घर घर जाकर पूजित अक्षत का वितरण कर निमंत्रण दिया।

इस अभूतपूर्व अवसर को भव्य और ऐतहासिक बनाने की अपील करते हुए पार्षद मीना वर्मा ने नागरिकों से आह्वान करते हुए कहा कि आगामी पौष शुक्ल की द्वादशी तिथि विक्रम संवत 2080 सोमवार 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में आराध्य प्रभु श्रीराम की नवनिर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का अविस्मरणीय दिन है। अयोध्या सहित पूरे देश में उत्साह और हर्ष का माहौल निर्मित है। रामभक्तों की टोली प्रतिदिन प्रातः काल से नागरिकों के बीच अयोध्या के राम मंदिर में होने वाले आयोजन की जानकारी को लेकर भजन कीर्तन करते हुए प्रभातफेरी के साथ पहुंच रहे है। उन्होंने कहा कि भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा को यादगार और भव्य बनाने हम सभी को अपने घरों में अयोध्या जैसा वातावरण बनाना है और अपने आसपास के मंदिरों में भजन कीर्तन करने के साथ अयोध्या के राममंदिर के समारोह को टीवी के माध्यम से देखकर इस पल का साक्षी बनना है। आगामी 22 जनवरी को पूरा देश एक और दीपावली



मनाने की तैयारी में है। हम सभी को भी अपने घरों में रंगोली बनाकर शाम के समय दीपावली पर्व के जैसे दीपक जलाकर भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना करना है। इस अवसर पर मिथलेश बोयर, सुनीता साहू, भगवती करकसे, राधा शर्मा, सारिका यादव, हेमकांति देवांगन, नैवेद्य बोयर, अनिता ठाकुर, पार्वती जलक्षत्री सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकगण उपस्थित रहे।

---

## पीएससी घोटाले की सीबीआई जांच से युवाओं को मिलेगा न्याय : अमित

**महासमुंद।** भाजपा मीडिया सह संयोजक अमित यादव ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा पीएससी में हुए घोटाले की जांच सीबीआई से कराने के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि पीएससी भर्ती परीक्षा में हुए घोटाले के उजागर होने से प्रदेश के युवाओं के साथ न्याय होगा। पीएससी जैसे पदों में अपने करीबी एवं परिवार के सदस्यों की भर्ती कर प्रदेश के युवाओं के साथ छल करने वालों खिलाफ जांच कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अमित ने कहा कि मुख्यमंत्री का पद संभालते ही भूपेश बघेल ने राज्य में सीबीआई जांच की सहमति वापस ले ली थी। सीबीआई को दूर रखने का मकसद यही था कि कांग्रेस के कारनामों से पर्दा न उठे। अमित ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में आते ही लगातार कई विभागों में भ्रष्टाचार हुए। यहां तक की शिक्षित नवयुवकों द्वारा दी जाने वाली पीएससी की भर्ती परीक्षा पर भी भ्रष्टाचार किया गया, जो नौजवान छत्तीसगढ़ और देश के भविष्य संवारने में सहायक होते, उनके साथ प्रदेश की भूपेश सरकार ने अन्याय किया। धन की लालच में सत्ता का दुरुपयोग कर कांग्रेस की तत्कालीन सरकार ने पीएससी जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा में पदों की बंदरबांट की। भाजपा ने अब पीएससी घोटाले की सीबीआई से जांच करने का आदेश दे दिया है। अब छत्तीसगढ़ के नौजवानों के साथ न्याय होगा। मोदी की गारंटी का पहिया अब आगे बढ़ता जाएगा। छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचारियों एवं अपराधियों की जांच की जाएगी।

---

# अरंड पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम पंचायत अरंड में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्र सरकार के योजनाओं को विस्तार से फिल्म के माध्यम से दिखाया गया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर व मां भारती व छत्तीसगढ़ महतारी के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रीतम साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष अध्यक्षता सरपंच देवराज ठाकुर ने की। कार्तिक राम पूर्व सरपंच पटेल, शिवचरण ध्रुव, कृष्णा ध्रुव भाजपा युवा नेता, नितिन जिंदल भाजपा नेता, जवाहर दीवान पूर्व सभापति जिला पंचायत, देवानंद पटेल, दिगंबर पटेल, हुशन निर्मलकर, नीला यादव व अनिता साहू विशेष अतिथि के रूप में मंचस्थ थे। पूर्व माध्यमिक व प्राथमिक शालाओं के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में विद्युत विभाग, जल जीवन मिशन, राजस्व विभाग, पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग खाद्य विभाग, वन विभाग, स्वास्थ विभाग, महिला व बाल विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी व



शिक्षा विभाग आदि का स्टाल लगाया गया था। शासन के योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत अपने विचार रखें। जिसमें रोहित राणा ,आरती सेन, जीतू ठाकुर, सेवंती ध्रुव, अमृत राणा, नीरा निर्मलकर, खुशबू ध्रुव, देवानंद पटेल, सरस्वती ध्रुव, शिवचरण ध्रुव, सोहद्रा ध्रुव आदि ने अपने विचार रखें। महिला व बाल विकास विभाग द्वारा पोषण आहार वितरण व छोटे बच्चों को अतिथियों द्वारा अन्न प्रसन्न कराया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कौतुक पटेल, लेख राम जगत, रोहणी कुमार देवांगन, जयराम पटेल, श्रीवास्तव ध्रुव, शोभा राम ध्रुव, शौक्री लाल साहू, कुश ध्रुव, दिनेश दुबे, ईश्वर साहू, हेमप्रकाश ध्रुव, युवराज निर्मलकर, मानसिंह दीवान, प्रदीप कर, नकुल राम साहू, शैलेंद्र सिन्हा, गंगा पैकरा, फुलकुंवर पटेल, अर्चना पटेल, संकल्प यात्रा के नोडल अधिकारी रतन तंवर, शिविर प्रभारी राम कुमार पांडेय, सहायक प्रभारी दीपक बढाई, अमित दीवान आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन समन्वयक रोहणी देवांगन व आभार प्रदर्शन शिविर प्रभारी आरके पांडेय ने किया।

---

# जिला बाल बैंडमिंटन खिलाड़ियों ने किया विधायक का सम्मान

## विधायक ने बॉल बैडमिंटन के बंद लाइट को बदलने कहा, हरसंभव मदद का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



जिला बॉल बैडमिटन संघ द्वारा स्थानीय मिनी स्टेडियम महासमुंद में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का सम्मान समारोह रखा गया। मुख्य अतिथि विधायक महासमुंद राजू सिन्हा ने मैदान में खिलाड़ियों के बीच उपस्थित हुए। खिलाड़ियों से परिचय लेते हुए उनका हौसला बढ़ाया। खिलाड़ियों ने उनके स्वागत में पटाखों व फूलों से जोरदार स्वागत किया। कृति जैन ने स्वागत गीत गाया। विधायक सिन्हा व उपस्थित अतिथियों ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की अन्य उपस्थित अतिथियों में पवन पटेल, नीलम दीवान, गिरधर यदु, विनोद रात्रे, अजय राजा, मुन्ना देवार, मनोज धृतलहरे, राजेश शर्मा, लालू सोनवानी, उमेश सोनवानी, प्रेरणा लहरे, पूजा बंजारे शामिल हुए।

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि खिलाड़ी अपने-अपने स्तर पर नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को आने वाले समय में खेल से संबंधित कोई भी आवश्यकता होगी तो मैं आपके बीच में रहूंगा, खिलाड़ियों को देश, विदेश में अपना नाम रोशन करने कहा, जिससे छत्तीसगढ़ व महासमुंद का नाम रोशन होगा। विधायक ने जिला बॉल बैडमिंटन संघ महासमुंद को उनके मांग पर बॉल बैडमिंटन कोर्ट में लगे विद्युत पोल के बंद लाइट को बदलने कहा गया। 25 से 27 दिसंबर को कोरबा में आयोजित राज्य स्तरीय सीनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने तीसरा स्थान प्राप्त किया, जिस पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने विजेता खिलाड़ियों को जीत की बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी।

उद्बोधन में अजय राजा ने कहा कि जिले के खिलाड़ियों ने अंतररष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुके हैं व भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। पवन पटेल ने स्वस्थ रहने के लिए खेलकूद को अत्यंत आवश्यक बताया। अतिथियों द्वारा अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय खिलाड़ियों का सम्मान किया गया, जिसमें बॉल बैडमिंटन खिलाड़ी प्रभात सेठ, मुरली राज पुरोहित, लक्ष्मी चंद्राकर, अविनाश कुशवाहा, सुदर्शन, आशा वर्मा, तान्या साहू, पुष्पांजलि ठाकुर, अंबिका दीवान, मुकेश पेंदरिया, सेवन दास मानिकपुरी, अंकित लूनिया, राकेश थवाईत व बॉस्केटबॉल खिलाड़ी अभिषेक अंबिलकर, कुलेश्वर चंद्राकर शामिल रहे। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा व उपस्थित अतिथियों को जिला बॉल बैडमिटन संघ के सचिव अंकित लूनिया व वरिष्ठ खिलाड़ियों ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मंच संचालन राजेश शर्मा ने किया। आभार व्यक्त खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे ने किया।

